**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**

**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**

**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 48 /05/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2021-23/06-परीक्षा/2018**

लखनऊ : दिनांक : 12 जून, 2023

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-06-परीक्षा/2018, राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद (संयुक्त संवर्ग) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2018 के अंतर्गत रोड रोलर चालक के 01 पद तथा नक्शानवीस/ मानचित्रक के 15 पद के सापेक्ष लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर श्रेणीवार 02 गुना (समान कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) के अनुसार क्रमशः 02 तथा 288 अभ्यर्थियों (कुल यूनिक अभ्यर्थी-289) का अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु परिणाम एवं कटऑफ अंक मा0 आयोग के अनुमोदनोपरान्त दिनांक 16-05-2023 को आवश्यक सूचना सं0-44/05/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2021-23/06-परीक्षा/2018, दिनांक 16-05-2023 द्वारा आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया किया गया था।

तदनुक्रम में विज्ञापन संख्या-06-परीक्षा/2018, राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद (संयुक्त संवर्ग) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2018 के अंतर्गत अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित 289 अभ्यर्थियों का अर्हता/ अभिलेख परीक्षण **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, तृतीय तल, पिकप भवन, विभूतिखंड, गोमतीनगर, लखनऊ** स्थित कार्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जाएगा-

| क्र. सं. | दिनांक | अभ्यर्थियों की संख्या प्रथम पाली (प्रातः 10:00 बजे ) | अभ्यर्थियों की संख्या द्वितीय पाली (अपराह्न 01:30 बजे ) |
|---|---|---|---|
| 1 | 21-06-2023 | 80 | 80 |
| 2 | 22-06-2023 | 80 | 49 तथा अनुपस्थित। |

अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उनके Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गए हैं। संबन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in के Homepage पर जाकर Examination/ Interview Segment के अंतर्गत उपलब्ध Download Document Verification Letter पर क्लिक कर, वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए अपना Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

अर्हता/ अभिलेख परीक्षण के समय अभ्यर्थियों के समस्त शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्रों एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों का मूल प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों से मिलान/ सत्यापन व गहनता से परीक्षण किया जाएगा। अतः अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रमाण पत्र की मूल प्रतियों एवं छायाप्रतियों के साथ ही डाऊनलोड किये गए Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्रों में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, निर्धारित तिथि व समय पर **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, तृतीय तल, पिकप भवन, विभूतिखंड, गोमतीनगर, लखनऊ** में अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि यदि कोई अभ्यर्थी किसी उचित कारण से निर्धारित तिथि को अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु अनुपस्थित रहता है तथा इसकी जानकारी लिखित रूप में अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 22-06-2023 को प्रातः 11.00 बजे तक आयोग को दी जाती है तो आयोग की अनुमति के उपरान्त उसे दिनांक 22-06-2023 की द्वितीय पाली में अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने का अवसर प्रदान किया जाएगा। उक्त तिथि के अतिरिक्त अन्य कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

12/06/23

(अवनीश सक्सेना)

सचिव।